दिनांक 21.12.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्कूली बच्चों को दी गई क्लीन टायलेट की जानकारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई की स्वच्छता टीम द्वारा निकाय क्षेत्र के सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई की जा रही है , साथ नागरिकों को शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने जागरूक भी किया जा रहा है। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय सप्ताह मनाया जा रहा है। निगम भिलाई में 25 दिसम्बर तक चलने वाले क्लीन टाॅयलेट कैंपेन में समाज के सभी वर्ग को स्वच्छता कैंपेन से जोड़ा जाना है इसी के तहत गुरूवार को स्कूल के विद्यार्थियों को सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था ,सफाई, हैण्डवाॅश एवं फीडबैक की जानकारी दी गई। सभी सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों पहले से और बेहतर बनाने के लिए कार्य किये जा रहे है। सार्वजनिक शौचालयों में बिजली , पानी व सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने पर कार्ययोजना भी तैयार किया जा रहा है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम क्षेत्र के नागरिकों को क्लीन टाॅयलेट कैंपेन अभियान में जुड़कर क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालय की सफाई एवं रखरखाव में सहयोग हेतु अपील की जा रही है। अभियान के दौरान स्व सहायता समूह एवं स्कूली बच्चों को शौचालय का भ्रमण भी करवाया गया। निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने स्कूली बच्चों को घर या सार्वजनिक शौचालय के उपयोग कर साफ-सफाई और रखरखाव हेतु जागरूक भी किये।